हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 26 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 13.8 डिग्री

11 'जय माता की' के जयकारों से गूंजा शीतला माता मंदिर



12 भैयापुर, बोहर व मायना गांवों में चलाया गया तोड़-फोड़ ...



## शहर में आज

- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।
- सुनारियां में स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता।

## खबर संक्षेप

### कई कॉलोनियों में बिजली सप्लाई आज रहेगी बाधित

**रोहतक।** बिजली निगम द्वारा शहर में सप्लाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए 11 केवी रैनक पूरा फीडर पर मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। यह कार्य 26 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। मेंटेनेंस कार्य के चलते रैनक पूरा, खोखरा कोट, अनंतपूरम सोसाइटी, कबीर कॉलोनी, फौजी कॉलोनी और कृष्णा कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। निगम ने प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय के दौरान आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें और बिजली बंद रहने के दौरान संयम बनाए रखें। साथ ही किसी भी असुविधा के लिए खेद भी जताया गया है।

### सांपला : युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**सांपला।** बुधवार को कस्बे में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि 16 साल का रवि घर पर अकेला था। उसने घर पर ही फांसी लगा ली। जब परिवार के लोग घर आए तो देखा युवक फंदे पर लटका हुआ था। तभी पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले जांच की। एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची। परिवार ने बताया कि रवि ने दसवीं कक्षा की परिक्षा दी थी। चौंकी इंचार्ज महेंद्र सिंह ने बताया कि युवक का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### 10.40 किलो चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** एएनसी स्टाफ की टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को भारी मात्रा में नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 10 किलो 40 ग्राम चरस बरामद की गई है। एएनसी स्टाफ की टीम नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान टीम गांव मोखरा क्षेत्र में मौजूद थी, जहां एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस को उस पर शक होने पर उसे मौके पर ही काबू कर लिया गया। पूछताछ के दौरान युवक की पहचान रामबीर पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव मोखरा के रूप में हुई। बरामद नशीले पदार्थ का वजन 10 किलो 40 ग्राम पाया गया, जिसकी कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

# सोशल मीडिया पर प्यार, रोहतक में लिव-इन, बंगाल में दोनों का मर्डर

## परिजनों ने पंकज के शव को सुरक्षित लाने के लिए एसपी से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांधी कैंप निवासी युवक पंकज और पश्चिम बंगाल की रहने वाली रूपा दास के बीच सोशल मीडिया से शुरू हुआ प्रेम संबंध आखिरकार एक दर्दनाक अंत तक पहुंच गया। करीब 5-6 महीने पहले शुरू हुई यह कहानी लिव-इन रिश्ते तक पहुंची, लेकिन अब दोनों की हत्या ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पश्चिम बंगाल में रूपा दास के ब्यूटी पार्लर के अंदर दोनों की हत्या होने से परिवार सदमे में है, वहीं, मृतक पंकज का शव अब तक परिजनों को नहीं मिल पाया है। बता दें कि बुधवार को पंकज के परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे और प्रशासन से शव को सुरक्षित रोहतक लाने की मांग की। परिजनों का कहना है कि उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है और वे खुद पश्चिम बंगाल जाकर शव नहीं ला सकते। उन्होंने पुलिस से मदद की अपील करते हुए कहा कि बेटे का अंतिम संस्कार अपने शहर में ही करना चाहते हैं।

### 5-6 महीने पहले रूपा दास से हुई थी पहचान

मृतक के बड़े भाई दीपक के अनुसार, पंकज की करीब 5-6 महीने पहले सोशल मीडिया के माध्यम से पश्चिम बंगाल निवासी रूपा दास से पहचान हुई थी। बातचीत धीरे-धीरे नजदीकियों में बदली और दोनों ने साथ रहने का फैसला कर लिया। पिछले करीब पांच महीनों से रूपा दास रोहतक में पंकज के साथ लिव-इन में रह रही थी। परिवार के मुताबिक, दोनों के बीच संबंध सामान्य थे और किसी बड़े विवाद की जानकारी पहले नहीं थी।

### 23 मार्च को गया था पंकज अगले दिन आई मौत की खबर

पंकज की मां विद्यावंती ने बताया कि करीब 10 दिन पहले रूपा दास अपने किसी परिजन की तबीयत खराब होने के कारण पश्चिम बंगाल गई थी। वहां उसका अपना ब्यूटी पार्लर था, जहां वह काम करती थी। 23 मार्च को पंकज भी उसके पास पहुंचा। परिजनों के अनुसार, 24 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे सूचना मिली कि दोनों की पार्लर के अंदर हत्या हो गई है। शुरुआती तौर पर बताया गया कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, लेकिन घटना की परिस्थितियां कई तरह के संदेह भी पैदा कर रही हैं। परिजनों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है।

### पहले से शादीशुदा थी रूपा दास

जानकारी के मुताबिक, रूपा दास की पहले शादी हो चुकी थी और उसका तलाक नहीं हुआ था। बताया जा रहा है कि घटना के समय उसका पहला पति भी मौके पर मौजूद था। इस तथ्य के सामने आने के बाद मामले ने और गंभीर मोड़ ले लिया है और पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। परिजनों का कहना है कि उन्हें घटना की पूरी सच्चाई अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। वे निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। साथ ही, उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि पंकज के शव को जल्द से जल्द रोहतक लाने की व्यवस्था की जाए, ताकि परिवार अंतिम संस्कार कर सके। इस मामले में एसपी कार्यालय की ओर से बताया गया है कि पश्चिम बंगाल में शव का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है। नियमानुसार प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# 3700 में ब्लैक में मिल रहा कमर्शियल सिलेंडर, 3000 में घरेलू भी उपलब्ध




- केवल आपातकालीन और अस्पतालों के लिए हैं कमर्शियल गैस सिलेंडर
- खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने कहा कि जल्द किल्लत से राहत की उम्मीद
- ढाबा संचालकों का कहना है कि हालात नहीं सुधरे तो व्यवसाय बंद करना होगा

### एजेंसी वाले बोले
**आम लोगों के लिए नहीं आ रही कमर्शियल गैस**

### डीएफएससी का जवाब
**हमें किसी भी तरह की स्थिति की जानकारी नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले में कमर्शियल गैस को लेकर बड़ा संकट पैदा हो चुका है। जहां एक ओर कमर्शियल गैस सिलेंडर की आधिकारिक सप्लाई आमजन के लिए ठप होने की बात कही जा रही है, वहीं दूसरी ओर यही सिलेंडर ब्लैक में 3700 रुपये तक बेचे जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि घरेलू गैस सिलेंडर भी ढाई से 3000 रुपये तक में खुलेआम उपलब्ध है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का कहना है कि अभी कुछ दिनों के लिए समस्या है लेकिन जल्द समाधान होने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार, स्थानीय गैस एजेंसियों का कहना है कि पिछले कुछ समय से आमजन के लिए कमर्शियल गैस की सप्लाई नहीं आ रही है। एजेंसी संचालकों के अनुसार, उन्होंने उच्च अधिकारियों को भी इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब एजेंसियों के पास गैस नहीं है, तो फिर बाजार में 3700 रुपये में ब्लैक में सिलेंडर कहां से आ रहे हैं।

### बंद हो रहे होटल, ढाबे और फास्ट फूड कॉर्नर

इस गैस संकट का सबसे ज्यादा असर होटल, ढाबों और छोटे खाद्य व्यवसायों पर पड़ा है। गैस की कमी और ऊंचे दामों के चलते इन कारोबारियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई होटल संचालकों ने बताया कि उन्हें मजबूरी में महंगे दामों पर गैस खरीदनी पड़ रही है, जिससे उनकी लागत बढ़ गई है। नतीजतन, उन्होंने खाने-पीने की चीजों के दामों में करीब 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी कर दी है। ढाबा संचालकों का कहना है कि अगर यही स्थिति बनी रही तो उन्हें अपना व्यवसाय चलाना मुश्किल हो जाएगा। कुछ लोग अपना होटल बंद करने की प्लानिंग कर रहे हैं। वहीं, आम लोगों पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है, क्योंकि महंगाई के चलते जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

### केवल इनको मिल रहे कमर्शियल गैस सिलेंडर

अधिकारियों का कहना है कि सरकार के निर्देश पर केवल अस्पताल, अस्पताल और छात्र मैस, आपातकालीन और शादी समारोह आदि के लिए ही कमर्शियल गैस सिलेंडर दिए जा रहे हैं। अभी होटल, ढाबों, फास्ट फूड कार्नर, मिष्ठान भंडार आदि के लिए गैस सिलेंडर मुहैया नहीं है।

### ब्लैक करने वालों पर होगी कार्रवाई : खाद्य विभाग

मामले में जब जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस तरह की किसी भी स्थिति की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर कहीं ब्लैक में गैस बेची जा रही है तो इसकी जांच करवाई जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गैस की पर्याप्त उपलब्धता : डीसी

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि जिला में उपभोक्ताओं को एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य रूप से की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला में 35 गैस एजेंसियों के माध्यम से गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।





रोहतक। आर्य नगर थाने के बाहर हंगामे के दौरान प्रदर्शनकारियों को पकड़ती पुलिस।

# थाने के बाहर भिड़े दो गुट जमकर की नारेबाजी

## पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के आर्य नगर थाने के बाहर बुधवार शाम उस वक्त अचानक हलचल मच गई, जब एक व्यक्ति द्वारा शुरू किया गया धरना कुछ ही देर में विवाद और टकराव में बदल गया। शुरुआत में शांतिपूर्ण तरीके से बैठा धरना धीरे-धीरे उग्र होता गया और फिर दो गुट आमने-सामने आ गए। व्यापारी सतीश प्रजापति कुछ महिलाओं और समर्थकों के साथ थाने के बाहर पहुंचा और दरी बिछाकर धरना शुरू कर दिया। उसके साथ अनभूतानंद महाराज भी मौजूद थे। धरने के दौरान पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की गई और भ्रष्टाचार व नशे से जुड़े गंभीर आरोप लगाए गए। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है।

### नोटिस के बावजूद नहीं पहुंचा थाने

सतीश प्रजापति को पहले ही नोटिस देकर सुबह 10 बजे थाने बुलाया गया था, ताकि वह अपने आरोपों के सबूत पेश कर सके। लेकिन वह थाने आने के बजाय लोगों को इकट्ठा कर धरने पर बैठ गया। -बिजेंद्र कुमार एसएचओ, आर्य नगर थाना

### धरना बना टकराव का कारण

धरना चल ही रहा था कि अचानक एक दूसरा गुट मौके पर पहुंच गया। इस गुट ने सतीश प्रजापति के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते माहौल गरमा गया और दोनों पक्षों के बीच जुबानी जंग तेज हो गई।

## इधर, राजनीति गैस किल्लत पर कांग्रेस का प्रदर्शन

# महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष ने चूल्हे पर बनाई रोटी



शहर में रसोई गैस की कीमत बढ़ाने व गैस की किल्लत से परेशान लोगों को साथ लेकर बुधवार को कांग्रेस जिला कमेटी व महिला विंग ने विरोध प्रदर्शन किया। महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष पर्ल चौधरी ने चूल्हे पर रोटी बनाते हुए सरकार के खिलाफ रोष जताया। पर्ल चौधरी ने बताया कि भाजपा सरकार ने गैस की कीमतों में बढ़ोतरी करके लोगों की कमर तोड़ने का काम किया है। गैस की किल्लत का सामना कर रहे लोगों को अब महंगे दामों पर गैस खरीदनी पड़ रही है। पर्ल चौधरी ने कहा कि गैस को लेकर हो रही लोगों को परेशानी के चलते प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए।

### बीबी बतरा बोले-आम आदमी के जीवन में कठिनाई बढ़ गई

विधायक भारत भूषण बतरा ने कहा कि प्रदेश में सभी चीजों के दाम बढ़ रहे है। गैस के बिना आम आदमी के जीवन में कठिनाई बढ़ गई है। खाना बनाने के लिए महिलाओं को अब गैस छोड़ कर चूल्हे पर आना पड़ा है, जो चिंता का विषय है। इसके लिए सरकार जिम्मेदार है। एक तरफ तो दावा किया जा रहा है कि गैस पूरी है, दूसरी तरफ लोगों को लंबी-लंबी लाइनों में खड़ा कर रखा है। ऐसी स्थिति सरकार की गलत नीतियों के कारण ही पैदा हुई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की जान गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांपला

गांव गान्धरा के समीप हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान अजय कुमार सिंह (पुत्र वकील सिंह), निवासी सरैया, जिला गोपालगंज (बिहार) व वर्तमान में सैनिक कॉलोनी, रोहतक के रूप में हुई है।

अजय कुमार सिंह गान्धरा स्थित आरएफएल कंपनी में कार्यरत था। वह ड्यूटी समाप्त कर अपने कमरे की ओर लौट रहा था। इसी दौरान सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना सांपला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई रोहतक भेज दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी चालक की तलाश जारी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## ...किसी से कम नहीं — बाधाओं को मात देकर अंतरराष्ट्रीय फलक पर चमक रही म्हारी कुसुम

# 24वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप के डिस्कस थ्रो में जीता रजत पदक

## 80 फीसदी दिव्यांग होने के बावजूद संघर्षों से नहीं मानी हार

- 2016 से शुरू हुआ खेल का सफर, कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पदक किए अपने नाम

रोहित डागर ⏭ रोहतक

खेल के मैदान में तकनीक और ताकत की जीत तो अक्सर देखी जाती है, लेकिन जब मुकाबला शारीरिक अक्षमताओं और नियति के क्रूर प्रहारों से हो, तो वहां केवल कुसुम जैसा अटूट आत्मविश्वास ही काम आता है। रोहतक की पैरा-एथलीट कुसुम आज उन सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में घुटने टेक देते हैं। डोभ गांव की बेटी कुसुम पांचाल ने 24वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए डिस्कस थ्रो में सिल्वर मेडल जीता।

### बचपन से संघर्ष, फिर भी नहीं मानी हार



कुसुम का जीवन संघर्षों की एक लंबी दास्तान रहा है। जन्म से ही 80 प्रतिशत दिव्यांग (पोलियो) होने के बावजूद उन्होंने कभी खुद को कमजोर नहीं समझा। उनकी राह में तब और मुश्किलें आईं जब वह दो बार गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हुईं। इन हादसों और स्वास्थ्य समस्याओं के चलते उन्हें दो बार किडनी के ऑपरेशन से भी गुजरना पड़ा, जिससे उनकी एक किडनी सिकुड़ गई थी। लेकिन कहते हैं ना कि मन के जीते जीत है, कुसुम ने इन सभी शारीरिक कष्टों को अपनी प्रगति के आड़े नहीं आने दिया।

### प्रोत्साहन में भाई और पति का भी बड़ा योगदान

कुसुम ने खेल की दुनिया में साल 2016 में कदम रखा। उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने में उनके भाई सुनील और कुलदीप (जो स्वयं अंतरराष्ट्रीय मेडलिस्ट हैं) का बड़ा हाथ रहा। उनकी खेल प्रतिभा को निखारने में उनके पति और कोच संजय की भी अहम भूमिका है, जो 2016 में उनकी शादी के बाद से ही उन्हें अभ्यास करा रहे हैं।

### अगला लक्ष्य: एशियन पैरा गेम्स 2026

वर्तमान में कुसुम जींद के स्कूल में लाइब्रेरियन के पद पर कार्यरत हैं। नौकरी और खेल के बीच संतुलन बनाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहता है, खासकर चलने-फिरने में होने वाली दिक्कतों के कारण। हालांकि, वह अपनी सफलता का श्रेय अपने पति के निरंतर सहयोग को देती हैं। कुसुम का अब अगला और मुख्य लक्ष्य एशियन पैरा गेम्स 2026 में देश के लिए पदक जीतना है, जिसके लिए वह वर्तमान में 'डिस्कस थ्रो' पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कर चुकी हैं प्रतिनिधित्व

- 2016 में नेशनल गेम्स में भाला फेंक में कांस्य पदक।
- 2017 में जयपुर नेशनल में डिस्कस थ्रो और शॉटपुट में दो स्वर्ण पदक।
- 2018 में डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक और ट्यूनीशिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया।
- 2021 में नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण और दुबई में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग।
- 2022 में डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक व रिकॉर्ड बनाया।
- 2023 में चीन (हांगझू) में एशियन पैरा गेम्स में हिस्सा लिया। 2024 में खेलो इंडिया पैरा गेम्स में रजत (डिस्कस थ्रो) और कांस्य (शॉटपुट) पदक।



## खबर संक्षेप

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में दाखिला प्रक्रिया शुरू

**रोहतक।** पीएम श्री केंद्रीय स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दाखिले की औपचारिक प्रक्रिया का आगाज हो गया है। स्कूल प्रशासन ने नए सत्र में प्रवेश के इच्छुक अभिभावकों के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। कक्षा-1 और बालवाटिका-3 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है, जिसके लिए अभिभावक 2 अप्रैल तक केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। कक्षा-1 और बालवाटिका-3 में प्रवेश पूरी तरह से पारदर्शी और ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जा रहा है।

# अगर सड़कें खराब हैं तो नजर नहीं आएगी सफाई

### शहर की अधिकतर सड़कें पड़ी जर्जर राहगीर हो रहे परेशान

- निगम अधिकारी बोले-बारिश और ग्रेप नियमों की वजह से आई काम में अड़चन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में इन दिनों खराब सड़कों की समस्या इतनी गंभीर हो चुकी है कि इसके आगे सफाई व्यवस्था भी नजर नहीं आ रही। शहर के कई प्रमुख इलाकों की सड़कें जर्जर हालत में पड़ी हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जब सड़कें ही टूटी-फूटी होंगी तो सफाई का असर भी दिखाई नहीं देगा।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली रोड, झज्जर रोड बाईपास, गोहाना रोड, नया बस अड्डा से वीटा प्लांट तक का मार्ग, सनसिटी रोड, मॉडल टाउन और सुखपुरा चौक एरिया जैसे व्यस्त क्षेत्रों में सड़कों की हालत बेहद खराब हो चुकी है। यहां कई साल से कई जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिनमें बारिश का पानी भर जाता है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को सबसे ज्यादा दिक्कत झेलनी पड़ रही है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़कें टूटने के कारण धूल और कीचड़ हर समय फैला रहता है। ऐसे में नगर निगम द्वारा की जाने वाली सफाई भी बेअसर हो जाती है। सफाई कर्मचारी चाहे जितनी मेहनत कर लें, लेकिन टूटी सड़कों के कारण गंदगी दोबारा फैल जाती है। लोगों का कहना है कि पहले सड़कों की मरम्मत होनी चाहिए, तभी शहर साफ नजर आएगा।

इस मामले में नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि विगत पर्ष बारिश और ग्रेप नियमों के चलते सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य में रुकावट आई है। उनका कहना है कि मौसम अनुकूल होते ही और नियमों में ढील मिलने के बाद सड़कों के सुधार का काम तेज किया जाएगा। अधिकारियों ने यह भी दावा किया कि शहर की प्रमुख सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाएगा।

हालांकि, शहरवासियों को निगम के इन दावों पर ज्यादा भरोसा नहीं है। उनका कहना है कि लंबे समय से सड़कों की हालत खराब बनी हुई है, लेकिन समाधान के नाम पर केवल आश्वासन ही मिलते हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है।




रोहतक। शहर के मुख्य मार्गों की टूटी सड़कें। फोटो : हरिभूमि

### जर्जर रास्ते पर रोजाना गिरकर घायल हो रहे लोग

सुखपुरा चौक पर पुल का निर्माण चल रहा है। जर्जर रास्ते पर रोजाना लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। इसके अलावा नया बस अड्डा टी प्वाइंट पर सड़क उखड़ी हुई है। दुपहिया और चार पहिया वाहनों के ब्रेक नहीं लग पाते और हादसे हो रहे हैं। इसके अलावा लाढ़ौत रोड से वीटा प्लांट की तरफ जाते हुए सड़क पर जानलेवा गड्ढे हैं, जिनमें कई लोग गिर कर घायल हो चुके हैं।

### व्यापारी बोले, लगातार घट रहे ग्राहक

*व्यापारियों का भी कहना है कि खराब सड़कों का असर उनके कारोबार पर पड़ रहा है। ग्राहक इन रास्तों से गुजरने से कतराते हैं, जिससे दुकानों पर आने वालों की संख्या घट रही है। इसके अलावा वाहन चालकों को भी अपने वाहनों की मरम्मत पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है। शहर के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़कों की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता दी जाए और जल्द से जल्द गड्ढों को भरा जाए। उनका कहना है कि बेहतर सड़कें ही साफ-सुथरे शहर की पहली पहचान होती हैं। अगर सड़कों की हालत सुधरती है, तो सफाई व्यवस्था भी अपने आप बेहतर नजर आने लगेगी।*

## बलियाणा सहित कई कॉलोनियों में गंदा पानी सड़कों पर, नहीं हो रहा समाधान

# सीवर ओवरफ्लो से परेशान शहर और गांव, लोगों का जीना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर के विभिन्न क्षेत्रों और आसपास के गांवों में सीवर ओवरफ्लो की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। बलियाणा गांव के साथ-साथ शहर की शिवाजी कॉलोनी, कबीर कॉलोनी और अन्य कई इलाकों में सीवर का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से सीवर जाम होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। हालात यह हैं कि गलियों और सड़कों से गुजरना मुश्किल हो गया है। कई जगहों पर पानी इतना ज्यादा भर गया है कि पैदल चलने वालों के साथ-साथ दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सीवर ओवरफ्लो के कारण क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है, जिससे लोगों का घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है।

इसके अलावा गंदगी के कारण बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार जनस्वास्थ्य विभाग को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। विभाग की ओर से कभी-कभार सफाई कर दी जाती है, लेकिन कुछ ही दिनों में समस्या फिर से जस की तस हो जाती है।



### नियमित सफाई न होने के कारण बनी समस्या

*लोगों का कहना है कि सीवर लाइन की नियमित सफाई और मरम्मत न होने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। कई जगहों पर सीवर लाइन पुरानी हो चुकी है, जिसे बदलने की आवश्यकता है। लेकिन संबंधित विभाग इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है।*

### लोग बोले- प्रदर्शन के लिए मजबूर न करें अधिकारी

*लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे मजबूर होकर प्रदर्शन करने पर उतरेंगे। फिलहाल क्षेत्रवासी प्रशासन से जल्द राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं, ताकि उन्हें इस परेशानी से निजात मिल सके। लोगों ने एक बार नहीं बार-बार समस्या के समाधान के लिए शिकायत भी भेजी है। लेकिन उस पर कोई समाधान नहीं किया गया है।*

### शिकायत का तुरंत समाधान किया जा रहा

हमें सीवर से संबंधित कोई शिकायत मिलती है तो उसका तुरंत समाधान किया जाता है। आमजन को इसके लिए परेशान नहीं किया जाता है। फिर भी कहीं पर समस्या बनी हुई है तो उसका शीघ्र ही समाधान करवा दिया जाएगा।

- **प्रदीप कुमार,** एसडीओ, जनस्वास्थ्य विभाग

### प्रशासन की लापरवाही से वार्ड नंबर 8 बना 'नरक'

**सांपला।** सांपला के वार्ड नंबर 8 में हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि लोगों का दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। टूटी-फूटी गलियां, जगह-जगह भरा कीचड़ और नालियों का गंदा पानी अब यहां की पहचान बन चुका है। हाल ही में हुई रुक-रुक कर बारिश ने स्थिति को और भी भयावह बना दिया, जिससे कई घरों के बाहर जलभराव हो गया और लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। वार्डवासियों का आरोप है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार नगरपालिका प्रशासन से शिकायत की, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। जिम्मेदार अधिकारी रोहतक के काम का बहाना बनाकर टालमटोल करते रहे, तो कभी मौके पर आकर हालात देखने की भी जरूरत नहीं समझी। प्रशासन की इस लापरवाही के कारण लोग गंदगी और बदबू के बीच रहने को मजबूर हैं। गंदे पानी और कीचड़ के कारण क्षेत्र में बीमारियों का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोगों को अपने ही घरों से निकलने में डर लगने लगा है। आखिरकार प्रशासन की अनदेखी से तंग आकर वार्डवासियों को खुद ही समाधान ढूंढना पड़ा और समाजसेवी की मदद से अस्थायी रूप से रास्ता ठीक करवाना पड़ा।



रोहतक। मोरखेड़ी में ग्रामीणों से बातचीत करते रावमावि के शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

# सरकारी स्कूलों में दाखिला बढ़ाने के लिए प्रवेश उत्सव का शुभारंभ

### 15 मई तक चलेगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक। हरियाणा शिक्षा विभाग की ओर से सरकारी विद्यालयों में प्राथमिक शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने और नामांकन बढ़ाने के लिए 'प्रवेश उत्सव' कार्यक्रम का आगाज हो चुका है। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग ने तीन चरणों का विस्तृत शेड्यूल जारी किया है, जिसके तहत 15 मई तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### तीन चरणों में चलेगी प्रक्रिया

अभियान की शुरुआत 23 मार्च को जिला और राज्य स्तर पर कार्यक्रमों के साथ हुई। 24 से 28 मार्च तक स्कूल मुखिया, शिक्षक, स्कूल प्रबंधन समितियां और ग्राम पंचायतें मिलकर ग्रामीण व शहरी समुदायों में प्राथमिक शिक्षा के महत्व को लेकर अलख जगाएंगे। द्वितीय चरण 2 से 20 अप्रैल के इस दौरान मुख्य फोकस नए नामांकन और स्थानांतरण प्रक्रियाओं पर रहेगा। विभाग की टीमें बच्चों के दाखिले और जरूरी दस्तावेजी प्रक्रिया में अभिभावकों की सहायता करेंगी। तृतीय चरण 21 अप्रैल से 15 मई के अंतिम चरण में कक्षाओं के सुचारु संचालन और 'ड्रॉप आउट' (बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों) को रोकने पर जोर दिया जाएगा, ताकि प्रत्येक बच्चा स्कूल से जुड़ा रहे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 1 अप्रैल को सभी स्कूलों में विशेष बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्कूल मुखिया और सीआरसी हेड अभिभावकों के साथ सीधा संवाद करेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों के दाखिले सुनिश्चित करना, निजी स्कूलों से सरकारी स्कूलों में आने वाले बच्चों की सहायता करना और छात्रों के ठहराव पर चर्चा करना होगा।

# मशरूम की विभिन्न प्रजातियों और उत्पादन की वैज्ञानिक विधियों के बारे में जानकारी प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा के प्रांगण में बुधवार को सतत मशरूम खेती द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार हेतु मशरूम उत्पादन के वैज्ञानिक, तकनीकी एवं आर्थिक पहलुओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य इंदु सपरा द्वारा अतिथियों के औपचारिक स्वागत के साथ किया गया। अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण के लिए कौशल विकास के महत्व पर बल देते कहा कि इस प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होते हैं। कार्यशाला में दिल्ली विश्वविद्यालय की विशेषज्ञ डॉ. अंजू, डॉ. पूर्णिमा आनंद एवं डॉ. शैलजा सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता की। उन्होंने मशरूम की विभिन्न प्रजातियों, उनके उत्पादन की वैज्ञानिक विधियों, बाजार की मांग तथा प्रबंधन संबंधी बारीकियों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके उपरांत, आईक्यूएसी की सदस्य इंदु एवं सोनाली ने सामाजिक विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञ दल के साथ लाखन माजरा आंगनवाड़ी का दौरा किया। इस अवसर पर स्वयंसेवी टीम ने व्यावहारिक प्रदर्शन एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करने में सराहनीय योगदान दिया। कार्यशाला की एक प्रमुख विशेषता यह रही कि इसमें लाखन माजरा के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय की विशेषज्ञ डॉ. अंजू का स्वागत करते प्राचार्य इंदु सपरा व अन्य प्रोफेसर। फोटो : हरिभूमि

### आधुनिक ई-रिसोर्सेज की दी जानकारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के विधि विभाग में आज मनुपात्रा एआईआर एंड अदर ई-रिसोर्सेज फॉर लीगल रिसर्च विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विवेकानंद पुस्तकालय द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य एलएलएम विद्यार्थियों व शोधार्थियों को आधुनिक डिजिटल शोध साधनों से परिचित कराना रहा। कार्यशाला में विवेकानंद पुस्तकालय के विशेषज्ञों डॉ. बलविंदर, डॉ. सीमा रानी और डॉ. सुरेंद्र सिंह तंवर ने ई-लाइब्रेरी संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म आज के समय में गुणवत्तापूर्ण शोध का आधार बन चुके हैं। विशेष सत्र में अर्पित जैन ने मनुपात्रा के उपयोग पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने एआई आधारित फीचर्स, केस लॉ विश्लेषण, सिटेशन ट्रैकिंग और लीगल डॉक्यूमेंटेशन की आधुनिक तकनीकों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। वहीं, अमन शर्मा और विशाल सिंह ने गेल प्लेटफॉर्म के माध्यम से कानूनी इतिहास और आर्काइव संसाधनों तक पहुंच के तरीके समझाए। कार्यशाला का समन्वयन डॉ. अंजलि वर्मा और डॉ. परविंदर सोलंकी ने किया। विभागाध्यक्ष प्रो. सोनू देहमीवाल सहित अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम में शिरकत करते हुए विद्यार्थियों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।



रोहतक। कार्यक्रम में मौजूद विभागाध्यक्ष प्रो. सोनू देहमीवाल, समन्वयन डॉ. अंजलि वर्मा, डॉ. परविंदर सोलंकी, डॉ. बलविंदर, डॉ. सीमा रानी और डॉ. सुरेंद्र सिंह तंवर व अन्य विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि




रोहतक। नुक्कड़ नाटक के बाद मौजूद संयोजक डॉ. परवेश कुमारी, मोनिका अहलावत, मीनू कुमारी, स्वाति व छात्राएं।

### विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ. परवेश कुमारी के कुशल मार्गदर्शन में किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा तथा उप-प्राचार्य डॉ. सुभाष बल्हारा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं को समाज में जागरूकता फैलाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। नुक्कड़ नाटक का सशक्त एवं प्रभावशाली मंचन कोमल, तुलसी, मुस्कान और चंचल द्वारा किया गया, जिसमें नशे के दुष्प्रभावों तथा उससे बचाव के उपायों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर समिति सदस्य मोनिका अहलावत, मीनू कुमारी, स्वाति, स्वाति बल्हारा, डॉ. सिंकी, निधि वर्मा तथा डॉ. रीना भी उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का समापन नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के प्रेरक संदेश के साथ किया गया।

### शिविर में 57 यूनिट रक्त एकत्रित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि (एमडीयू) के शिक्षा विभाग द्वारा शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में विवेकानंद पुस्तकालय के सामने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कैंप का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी), शिक्षा विभाग तथा शिक्षा संकाय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस.सी. मलिक तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. मुकेन्द्र (विभागाध्यक्ष, सांख्यिकी विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय) ने किया। प्रो. एस.सी. मलिक ने संबोधन में कहा कि रक्तदान जैसा पुनीत कार्य न केवल जरूरतमंदों को नया जीवन देता है, बल्कि युवाओं में सेवा और संवेदनशीलता की भावना को भी मजबूत करता है। प्रो. मुकेन्द्र ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से ऐसे सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ. माधुरी हुड्डा ने अतिथियों का स्वागत करते कहा कि रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा है और इस प्रकार के आयोजन समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। शिक्षा संकाय की अनुसंधान एवं विकास समन्वयक एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. वनीता रोज ने बताया कि शिविर के दौरान 57 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।



रोहतक। आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। फोटो :हरिभूमि



### पीजीआईएमएस को कॉलेज ऑफ द ईयर का खिताब

**रोहतक।** पीजीआईएमएस के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 'कॉलेज ऑफ द ईयर' का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिया। यह सम्मान उन्हें (नेटवर्क ऑफ स्टूडेंट लीडर्स) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया। इस प्रतियोगिता में पीजीआईएमएस रोहतक से कुल 20 छात्रों ने भाग लिया, जिनका नेतृत्व अंतिम वर्ष के छात्र अवि मित्तल ने किया। पूरी टीम ने डॉ. सुजाता सेठी के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि हासिल की। इस गौरवपूर्ण मौके पर पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि यह उपलब्धि पीजीआईएमएस रोहतक के छात्रों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि छात्रों ने यह अवार्ड प्राप्त करके विश्वविद्यालय का नाम पूरे देश में रोशन किया है जिसके लिए वह समस्त टीम को बधाई देते हैं। निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि यह खिताब हमारे छात्रों की प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ एमजी वशिष्ठ ने बताया कि यह अवार्ड विद्यार्थियों की एकता को दर्शाता है कि हम एकजुटता से बड़े से बड़ा मुकाम भी हासिल कर सकते हैं।

**परियोजना** लघु सचिवालय के सभागार में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक को किया संबोधित

# कलानौर कलां-माड़ौधी में करीब साढ़े चार करोड़ की परियोजना से सुधरेगी लवणीय कृषि भूमि : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि जिला के कलानौर कलां तथा माड़ौधी जाटान-रागडान क्षेत्र (लवणीयता) से प्रभावित कृषि भूमि के सुधार हेतु लगभग साढे चार करोड़ रुपये की परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम लागू करते हुए भूमिगत पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिससे जमीन के भीतर जमा खारे पानी को बाहर निकाला जा सकेगा।

सचिन गुप्ता स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित कृषि विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांव कलानौर कलां और माड़ौधी जाटान-रागडान की क्रमशः 1500-1500 एकड़ कृषि भूमि में लवणीयता की गंभीर समस्या है तथा भूमिगत पानी भी खारा है। इस कारण इन क्षेत्रों में फसलों का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि गेहूं कटाई सीजन के बाद इन दोनों गांवों में 20-20 सोलर आधारित ड्रेनेज ट्यूबवेल स्थापित किए जाएंगे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने भूमि की सेहत सुधारने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जिला की कृषि भूमि में ऑर्गेनिक कार्बन एवं अन्य पोषक तत्वों की कमी पाई जा रही है। उन्होंने कहा कि लगभग एक प्रतिशत भूमि में फास्फोरस की कमी, 14 प्रतिशत भूमि में जिंक की कमी तथा 30 प्रतिशत भूमि में आयरन की कमी दर्ज की गई है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वे भूमि की उर्वरता बढ़ाने के लिए जैविक उपायों को अपनाएं।



### 20 हजार एकड़ का लक्ष्य

बैठक में उप कृषि निदेशक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि जिला में हरी खाद के रूप में प्रयोग करने के लिए कैंचा / जन्तर, मूंग आदि के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जिला रोहतक को 20 हजार एकड़ का लक्ष्य दिया गया है। योजना के तहत किसान मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीकरण करवा सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की गई है। योजना का लाभ पाने के लिए किसान को पंजीकरण करवाने उपरांत ओपन मार्केट से बीज खरीद कर अपने खेत में बिजाई करनी होगी तथा पोर्टल पर खरीदे गए बीज के बिल व बिजाई की गई फसल का फोटो अपलोड़ करना होगा। इस योजना के तहत किसान को 1000/- रुपये प्रति एकड़ की अनुदान राशि सरकार द्वारा दी जाएगी।

### 47 यूनिट रक्त किया संग्रहित

**रोहतक।** भारत विकास परिषद् सेक्टर शाखा ने पावर हाउस परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। मनीष कुमार ने अपने जन्मदिवस को मानव सेवा को समर्पित करते शिविर में कुल 47 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ईश्वर सिंह द्वारा किया गया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं फलदार पौधे भेंट कर "विकसित राष्ट्र, स्वस्थ राष्ट्र और हरित राष्ट्र" का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पीजीआईएमएस के ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष डॉ. गजेन्द्र सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त जरूरतमंद मरीज के जीवन को बचा सकता है। बताया कि रक्तदान पूर्णतः सुरक्षित प्रक्रिया है और शरीर में रक्त की पूर्ति शीघ्र हो जाती है। रेड क्रॉस के प्रशिक्षण अधिकारी श्री रवि कुमार ने शिक्षण संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा ऐसे शिविरों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि रक्त की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष अंशु मिगलानी की ओर से भी पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएँ एवं समर्थन प्रेषित किया।




रोहतक। रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि।




### बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में उत्सव

# नवरात्रि आत्मशक्ति, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट, कॉमर्स एवं कंप्यूटर साइंस में तीन दिवसीय नवरात्रि उत्सव 2026 का 25 मार्च तक बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, संस्कृति और रचनात्मकता का सुंदर संगम साबित हुआ। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) बी. एम. यादव और रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। दोनों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और प्रतिभा को भी निखारते हैं। उत्सव की शुरुआत क्विज प्रतियोगिता से हुई। प्रतियोगिता में चंचल, स्मृति, जानवी, मानसी, शैलजा और हिमानी विजेता रहे। इसके बाद आयोजित रंगोली प्रतियोगिता ने परिसर को रंगों और सृजनात्मकता से भर दिया। विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति और नवरात्रि की भावनाओं को दर्शाती सुंदर रंगोलियां बनाई। इस प्रतियोगिता में एकता, प्रतीक्षा, बेबी और सुहानी; दीक्षा, स्नेहलता और श्रुति; पूजा, सावन, प्रियंका और मोनिका; तथा मानसी, मोनिका और शीतल के समूह विजेता रहे। नवरात्रि फेस्ट के अंतर्गत एथनिक रैम्प वॉक, डांडिया नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर कार्यक्रम में जीवंतता भर दी। डांडिया की धुनों पर थिरकते विद्यार्थियों ने माहौल को पूर्णतः उत्सवमय बना दिया। इस अवसर पर फैकल्टी के सभी संकाय सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही, जिससे आयोजन सुव्यवस्थित और प्रभावशाली रूप में संपन्न हुआ।

#### सांस्कृतिक गतिविधियां शिक्षा का अभिन्न अंग

इस अवसर पर डीन डॉ. अनिल कनवा, विभागाध्यक्ष डॉ. जसप्रीत दहिया, डॉ. देवेंद्र वशिष्ठ के साथ-साथ डॉ. नीलकमल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। डॉ. नीलकमल ने अपने संबोधन में कहा कि नवरात्रि केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि आत्मशक्ति, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को पहचानने और ऐसे आयोजनों के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां शिक्षा का अभिन्न अंग हैं, जो विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाती है।

### हजारों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर किए माता के दर्शन

# 'जय माता की' के जयकारों से गूंजा शीतला माता मंदिर


रोहतक। शीतला माता मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि


रोहतक। शीतला माता मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की लगी लाइन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

- परिवार के साथ माता के चरणों में नतमस्तक हो मांगी मन्नतें

माता दरवाजा स्थित शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में पहुंचकर माथा टेका तथा आशीर्वाद प्राप्त किया।

भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर "जय माता दी" के जयकारों से गूंज उठा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कई श्रद्धालु अपने परिवार के साथ पहुंचे और माता के चरणों में नतमस्तक होकर मनोकामनाएं मांगीं। मंदिर में बढ़ती भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाएं भी की गई थीं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कतारबद्ध तरीके से भक्तों को दर्शन करवाए गए। श्रद्धालुओं का मानना है कि सच्चे मन से माता की पूजा करने से सभी कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। पूरे दिन मंदिर में भक्तों का आना-जाना लगा रहा और आस्था का यह सिलसिला लगातार जारी रहा।


रोहतक। मंदिर के बाहर खिलौने खरीदते लोग। फोटो : हरिभूमि


रोहतक। संकट मोचन मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

## मां कालरात्रि की पूजा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, भक्तों ने मांगी सुख-समृद्धि


रोहतक। गौकर्ण डेरा स्थित मंदिर मे पूजा करते उपाचार्य बाबा कपिल पुरी महाराज।

- साध्वी मानेश्वरी देवी बोलीं– दुर्गा स्तुति पाठ से होता है शत्रुओं का नाश

रोहतक। माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के सानिध्य में चल रहे चैत्र नवरात्र महोत्सव के तहत बुधवार को मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना श्रद्धा और उत्साह के साथ की गई। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण जयकारों से गूंज उठा।

#### दुर्गा स्तुति के नियमित पाठ से घर में रहती है शांति

गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी ने प्रवचन देते हुए कहा कि नवरात्रों में दुर्गा स्तुति का नियमित पाठ करने से घर में सुख, शांति और धन-धान्य की वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि मां कालरात्रि का स्वरूप भले ही भयानक हो, लेकिन वह अपने भक्तों को सदैव शुभ फल प्रदान करती हैं। उनके स्मरण मात्र से नकारात्मक शक्तियां दूर हो जाती हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। शहर के गौकर्ण डेरा, दुर्गा भवन मंदिर और बाबा बालकपुरी डेरा, गुफा वाला मंदिर मॉडल टाउन में भी मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना धूमधाम से की गई। इन स्थानों पर भी श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर मां का गुणगान किया और सुख-शांति की कामना की। साध्वी ने कहा कि मां कालरात्रि का अवतार असुरों के राजा रक्तबीज का वध करने के लिए हुआ था। उनकी पूजा करने से ग्रह बाधाएं दूर होती हैं और परिवार में खुशहाली बनी रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान प्रेम के भूखे होते हैं, इसलिए सच्चे मन से भक्ति करने पर वे अवश्य प्रसन्न होते हैं।

### सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई कैपेसिटी बिल्डिंग सत्र

## कार्यशैली में बदलाव करने से पढ़ाई में बनी रह सकती है रुचि व उत्सुकता




रोहतक। सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षकों के लिए सीबीएसई के कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंकज एवं मिस पारूल शर्मा ने नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क 2023 के मुख्य बिन्दुओं से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को बताया गया कि वे अपनी कार्यशैली में क्या बदलाव ला सकते हैं ताकि विद्यार्थियों में पढ़ाई के लिए रुचि और उत्सुकता बनी रहे। उनके प्रेरणादायी शब्दों ने शिक्षकों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। विद्यालय प्रबंधक राजेश सांगवान ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षकों को बदलते नियमों के प्रति जागरूक बनाते हैं। सत्र के दौरान अध्यापकों को अपने सपनों का स्कूल बनाने जैसी गतिविधियां करवाई गई और बताया गया कि हम अपनी कक्षा में भी विद्यार्थियों से उनके सपनों का स्कूल जैसी गतिविधि करवा सकते हैं। स्कूल सीबीएसई के माध्यम से समय-समय पर ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान ने शिक्षकों को नए सत्र में होने वाले शैक्षणिक बदलावों से अवगत करवाया तथा उपस्थित मुख्य अतिथियों को अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया व पंकज एवं मिस पारुल शर्मा को स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।

## डॉ. पूनम रेढू अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में यंग रिसर्चर अवार्ड से सम्मानित

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के गणित विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. पूनम रेढू को गुरुग्राम स्थित के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन मैथमेटिक्स फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड रियल-लाइफ इनोवेशंस में यंग रिसर्चर अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मेलन के समापन सत्र में वरिष्ठ शिक्षाविद प्रो. सी.बी. गुप्ता ने गणितीय मॉडलिंग एवं अनुप्रयुक्त गणित के क्षेत्र में वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान हेतु किए गए उनके उत्कृष्ट शोध योगदान के लिए यह अवॉर्ड देकर सम्मानित किया। डॉ. पूनम रेढू ने इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में ट्रैफिक फ्लो प्रेडिक्शन यूजिंग मशीन लर्निंग अप्रोच एंड स्पैरो सर्च एल्गोरिदम विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया, जिसे उसकी व्यावहारिक उपयोगिता, नवीन दृष्टिकोण और विश्लेषणात्मक गहराई के लिए प्रतिभागियों एवं विशेषज्ञों ने सराहा। डॉ. पूनम रेढू का शोध कार्य ट्रैफिक मॉडलिंग, प्रेडिक्टिव सिस्टम्स और कम्प्यूटेशनल गणित जैसे उभरते क्षेत्रों पर केंद्रित है।


रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में गणित विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. पूनम रेढू सम्मानित होते ।


रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करतीं मुख्य वक्ता प्रो. अंजू खन्ना। फोटो :हरिभूमि

## सकारात्मक सोच और सक्रिय भागीदारी से आंतरिक खुशी पाने के उपाय बताए

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के विधि विभाग में होलिस्टिक डेवलपमेंट क्लब द्वारा आज विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. अंजू खन्ना ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और सक्रिय भागीदारी के माध्यम से आंतरिक खुशी प्राप्त करने के उपाय बताए। विभागाध्यक्ष प्रो. सोनू देहमीवाल ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यही संतुलन उन्हें भविष्य में सफल बनाएगा। कार्यक्रम में प्रस्तुत सांस्कृतिक और योग गतिविधियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। मुस्कान और रोमानाक्षी ने सूर्य नमस्कार की प्रभावशाली प्रस्तुति दी, वहीं छात्र रुद्र के नृत्य ने कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। होलिस्टिक डेवलपमेंट क्लब के शिक्षक समन्वयक डॉ. श्रुति सुधा आर्या ने प्रारंभ में स्वागत भाषण में क्लब के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। रोमाक्षी और खुशहाल ने सरस्वती वंदना की। छात्र समन्वयक मुस्कान और केशव अहलावत ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया।

## नांदल भवन में मनाया राम जन्म उत्सव



रोहतक। राम नवमी की पूर्व संध्या पर विश्व हिंदू परिषद ग्रामीण समिति बोहर द्वारा नांदल भवन, बोहर में राम जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की और भजन-कीर्तन के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान बौद्धिक संवाद को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजीव मलिक ने कहा कि देश में रामराज स्थापित करने के लिए जरूरी है कि हर घर में भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाया जाए। केवल श्रीराम का नाम लेने से नहीं, बल्कि उनके गुणों को जीवन में उतारने से समाज और राष्ट्र का विकास संभव है। प्रखंड मकड़ौली के अध्यक्ष रुपेश कुमार श्यौराण ने कहा कि राम जन्म उत्सव का उद्देश्य केवल त्योहार मनाना नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाना है। वहीं ग्रामीण समिति के अध्यक्ष मास्टर अमरजीत नांदल ने परिवारों से आह्वान किया कि वे बच्चों को प्रतिदिन श्रीराम की प्रेरणादायक कहानियां सुनाएं, ताकि उनमें अच्छे संस्कार विकसित हों। अखिल भारतीय नांदल खाप के प्रवक्ता जसवंत नांदल एडवोकेट ने श्रीराम के चरित्र और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## देशभर में वैदिक मूल्यों व संस्कारों से बच्चों का सर्वांगीण विकास कर रही डीएवी संस्थाएं

- डीएवी संस्थापक डॉ. पूनम सूरी के जन्मदिवस पर विशेष यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

दिल्ली रोड स्थित डी.ए.वी. शताब्दी पब्लिक स्कूल द्वारा गांव खेड़ी साध में डी.ए.वी. कॉलेज प्रबंधकर्तृ समिति, नई दिल्ली एवं आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा, दिल्ली के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ सदस्य एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यज्ञ का संचालन विद्यालय के धर्मशिक्षक जितेंद्र एवं बृजकिशोर के ब्रह्मत्व में विधिपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संतु पहलवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उत्तम सिंह, रामपत, शीलक मास्टर, अश्विनी और सचिन सहित कई गणमान्य लोगों ने भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिका शीतल रानी ने भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं मंजू आहूजा और सीमा पाहवा ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। राकेश आर्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य शंकर लाल ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. पूनम सूरी के मार्गदर्शन में डीएवी संस्थाएं देशभर में वैदिक मूल्यों और संस्कारों के साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास कर रही हैं। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



### कलानौर स्कूल में एसएमसी प्रशिक्षण

## एसएमसी की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से दी जानकारी

- गतिविधियों में समुदाय की भागीदारी बढ़ाने व अनुदानों के सही उपयोग के टिप्स दिए

रोहतक। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में विद्यालय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय प्रभारी अमित हुड्डा के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य एसएमसी सदस्यों की भूमिका को मजबूत करना और विद्यालय के प्रभावी संचालन के साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना था। कार्यक्रम का आयोजन समग्र शिक्षा के दिशा-निर्देशों के तहत किया गया, जिसमें एसएमसी सदस्यों, अभिभावकों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान ब्लॉक रिसोर्स पर्सन अरविंद ने प्रतिभागियों को एसएमसी की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्कूल विकास योजना के निर्माण और क्रियान्वयन, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, ड्रॉपआउट दर कम करने, विद्यालय गतिविधियों में समुदाय की भागीदारी बढ़ाने और अनुदानों के सही उपयोग जैसे अहम बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

## पेंशनर्स ने मनाया काला दिवस, पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

रोहतक। हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज जिला रोहतक के पेंशनर्स मंगलवार को मानसरोवर पार्क स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में एकत्रित हुए और 25 मार्च को काला दिवस के रूप में मनाया। यह विरोध 25 मार्च 2025 को संसद में पेंशनर्स के खिलाफ पारित बिल के विरोध में किया गया। इस दौरान राज्य व जिला पदाधिकारियों, जिनमें मेहर सिंह नैन, वीरेंद्र शर्मा, धर्म कौर मालिक, रोशनी हुडा और देबी सिंह देसवाल शामिल रहे, ने उपायुक्त सचिन गुप्ता के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त ने इसे अपनी सिफारिश सहित भेजने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में मांग की गई कि 1 जनवरी 2026 से पहले और बाद के पेंशनर्स में भेदभाव समाप्त किया जाए तथा आठवें वेतनमान का लाभ दिया जाए। साथ ही मेडिकल सुविधा, भत्ता वृद्धि, कम्यूटेशन अवधि में कमी और महंगाई भत्ते का भुगतान जैसी मांगें भी उठाई गईं।

### कार्यक्रम | बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के मानविकी संकाय के हिंदी विभाग में व्याख्यान

# महादेवी वर्मा का साहित्य नारी सशक्तिकरण की सशक्त अभिव्यक्ति



#### सामाजिक मूल्यों का संदेश दिया

इस अवसर पर जगदीशचंद्र पंचाल ने अपनी कविता के माध्यम से विद्यार्थियों को नैतिकता, संवेदनशीलता एवं सामाजिक मूल्यों का संदेश दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अनेक गणमान्य सदस्य एवं प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. सुधीर मलिक (डीएसडब्ल्यू), डॉ. बरुण कुमार झा (डीन, मानविकी संकाय), डॉ. ब्रह्म प्रकाश (विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन), डॉ. यशपाल (विभागाध्यक्ष, इतिहास), डॉ. शीला दहिया, डॉ. मीनू, डॉ. सुशील, डॉ. हरिओम, डॉ. अतुल, डॉ. मनजीत, डॉ. सोनिका, डॉ. पटेल सहित अनेक शोधार्थी एवं विद्यार्थी शामिल रहे।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के मानविकी संकाय के हिंदी विभाग द्वारा "नारी सशक्तिकरण और महादेवी वर्मा का साहित्य" विषय पर राष्ट्रीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. लालचंद गुप्ता तथा मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मधुकांत उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. हरीश कुमार (पूर्व आईजी), धर्मदेव विद्यार्थी (निदेशक, हरियाणा साहित्य अकादमी) एवं कुलपति प्रो. बी.एम. यादव शामिल रहे। प्रो. लालचंद गुप्ता ने महादेवी वर्मा के साहित्य को नारी सशक्तिकरण की सशक्त अभिव्यक्ति बताते हुए कहा कि उनकी रचनाएं मात्र भावनात्मक नहीं, बल्कि नारी के आत्मसम्मान, स्वतंत्रता और संवेदनशीलता की प्रखर आवाज हैं। विशिष्ट अतिथि धर्मदेव विद्यार्थी ने वर्तमान सामाजिक परिवेश में महिलाओं की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए महादेवी वर्मा की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। कुलपति प्रो. बी.एम. यादव ने महादेवी वर्मा के जीवन और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी गहन संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान सरोज दहिया, रामकुमार, अशोक कुमार मंगलेश, देवकुमार देव, असीम राणा, श्याम लाल, रामफल खट्कड़, शकुंतला, जगदीशचंद्र पंचाल, डॉ. अर्चना कोचर, पदम सिंह राठी, डॉ. जय भगवान सिंगला, देवदत्त देव, राजदुलारी, डॉ. रमाकांत एवं राजकुमार नयन सहित अन्य अतिथियों को शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

### 1 से 30 अप्रैल तक लगेगा कैंप

## आर्यन स्कूल के दो कैडेट्स का इंटर बटालियन फायरिंग टीम में चयन

- उन्नत तकनीक सैन्य अनुशासन और विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा

रोहतक। लाखन माजरा स्थित द आर्यन पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट सक्षम और बीनू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंटर बटालियन फायरिंग टीम में अपनी जगह बनाई है। दोनों कैडेट्स का चयन एनसीसी बटालियन स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। उन्होंने 158, 159 और 163 कैंप के लिए भी अपनी योग्यता साबित की। इससे पहले दोनों कैडेट्स ने नेकीराम कॉलेज, रोहतक में आयोजित इंटर स्कूल ग्रुप फायरिंग प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर उच्च स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में आयोजित प्रतियोगिता में भी उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन जारी रखा। अब सक्षम और बीनू आगामी इंटर बटालियन ग्रुप फायरिंग कैंप में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक भाग लेंगे। इस दौरान उन्हें फायरिंग की उन्नत तकनीकों के साथ-साथ सैन्य अनुशासन और विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**THE NEW SHREE SHYAM M/P CO-OP. SOCIETY LTD**
ADD: 942/19, ARYA NAGAR, ROHTAK-124001

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि समिति की रबी 2026-27 सरसों के लिए जिला रोहतक में रोहतक अनाज मण्डी में सरसों खरीद से लेकर उठान होने तक समस्त कार्यों हेतु सहायक श्रमिक प्रदाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी श्रमिक प्रदाताओं को वरीयता दी जाएगी। दिनांक 27 मार्च 2026 के दिन प्रातः 11:00 बजे तक अपना आवेदन रोहतक मण्डी में दुकान नम्बर 52बी पर जमा करवाएं टेंडर फॉर्म सब कमेटी के सामने 12:00 बजे खोला जाएगा तथा सब कमेटी को टेंडर फॉर्म में कमी पाई गई व शर्ते पूर्ण न होने पर की सूरत में रद्द करने का अधिकार होगा बाकी शर्ते समिति कार्यालय से कार्य दिवस के दिन प्राप्त करें।

सम्पर्क सूत्र -9034319938 7015869718
Sd/-President
The New Shree Shyam Co-op. Multipurpose Society Ltd.

## खबर संक्षेप

### डेंटल स्क्रीनिंग और उपचार शिविर आयोजित

**रोहतक।** पीजीआईएमएस रोहतक के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा 24 मार्च 2026 को विश्व मौखिक स्वास्थ्य माह के अवसर पर डेंटल स्क्रीनिंग और उपचार शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जन सेवा संस्थान आश्रम रोहतक में आयोजित किया गया था। शिविर का आयोजन डॉ. मंजुनाथ बीसी, डॉ. आदर्श कुमार, डॉ. विपुल यादव, डॉ. भावना सभरवाल और डॉ. जागृति के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर का आयोजन पीजी डॉ. कनुप्रिया और डॉ. प्राची ने किया। डॉ. मंजूनाथ ने बताया कि शिविर में रोगियों की जांच और उपचार किया गया और उन्हें आवश्यक दवाएं प्रदान की गईं। आगे के शिविरों में रोगियों को दांतों की कृत्रिम प्लेट (डेंचर) भी प्रदान की जाएगी। डॉ. मंजूनाथ ने कहा कि मौखिक स्वास्थ्य का महत्व बहुत अधिक है और हमें इसके प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है।

### रोहतक में क्रिकेट प्रतियोगिता 9 मई से

**रोहतक।** शहर की युवाओं में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए रोहतक क्रिकेट लीग यानी आरसीएल का आयोजन 9 मई से किया जाएगा। शहर के क्रिकेट प्रेमियों की ओर से पहली बार इस तरह का आयोजन रोहतक में किया जा रहा है। चिकित्सक अंशु भूटानी व जतिन गेरा इसका आयोजन कर रहे हैं। डॉ. अंशु का कहना कि शहर में खेलों को बढ़ावा मिलना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी नशे से दूर रह सके। जिसमें 6 टीम में भाग लेंगी। रोहतक में पहली बार हो रहे इस तरह के आयोजन को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह भी बना हुआ है। आरसीएल का उद्घाटन समारोह 28 मार्च को होगा। शहर के तीन क्रिकेट मैदान पर मैच आयोजित किए जाएंगे। आरसीएल में कुल 18 मैच आयोजित किए जाएंगे।

# महिलाओं का नशा नेटवर्क : रोहतक में बदलता अपराध का चेहरा, तीन कॉलोनियां बनीं हॉटस्पॉट

**पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार**
पिछले एक साल में करीब 40 महिलाओं को नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर के करतारपुरा, खौखरा कोर्ट और इंदिरा कॉलोनी क्षेत्रों में नशा तस्करी का नेटवर्क अब एक नए रूप में उभरकर सामने आया है। इन इलाकों में महिलाएं न केवल नशे की सप्लाई कर रही हैं, बल्कि कई मामलों में वे इस अवैध कारोबार की मुख्य कड़ी बन चुकी हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, पिछले एक साल में करीब 40 महिलाओं को नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पहले जहां इस तरह के मामलों में पुरुषों की संलिप्तता अधिक देखने को मिलती थी, वहीं अब महिलाएं भी इस नेटवर्क में तेजी से शामिल हो रही हैं। कई महिलाएं अपने घरों से ही नशा बेच रही थीं, जिससे लंबे समय तक इन गतिविधियों का पता लगाना मुश्किल रहा।

### घरों से चल रहा था अवैध कारोबार

जांच में सामने आया है कि कई महिलाओं ने अपने घरों को ही नशा बेचने का सुरक्षित ठिकाना बना लिया था। बाहरी लोगों के लिए यह सामान्य घरेलू माहौल जैसा दिखता था, लेकिन अंदर से नशे की सप्लाई का काम चलता था। इससे पुलिस के लिए शुरुआती दौर में इन पर कार्रवाई करना चुनौतीपूर्ण रहा। हालांकि, पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर और लगातार निगरानी के जरिए इन नेटवर्क्स का भंडाफोड़ किया। कई मामलों में ग्राहकों के रूप में पुलिसकर्मियों को भेजकर भी साक्ष्य जुटाए गए।

### मजबूरी या मुनाफा दोनों वजहें आईं सामने

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि इस नेटवर्क में शामिल महिलाओं की पृष्ठभूमि अलग-अलग है। कुछ महिलाएं आर्थिक तंगी और पारिवारिक समस्याओं के कारण इस धंधे में आईं, जबकि कई महिलाएं संगठित गिरोहों के लिए काम कर रही थीं।

### पुलिस को सूचना दें, पहचान गोपनीय रहेगी



*एसपी सुरेंद्र भौरिया ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास होने वाली नशे की गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। नशे के खिलाफ यह लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।*
*-एसपी सुरेंद्र भौरिया*

### लोग बोले, युवाओं पर पड़ रहा बुरा असर

इन इलाकों में रहने वाले लोगों का कहना है कि लंबे समय से यहां नशे की गतिविधियां चल रही थीं। खासतौर पर शाम के समय संदिग्ध लोगों की आवाजाही बढ़ जाती थी। इससे न केवल माहौल खराब हो रहा था, बल्कि युवाओं पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा था। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत पुलिस से की गई, जिसके बाद अब जाकर कार्रवाई तेज हुई है।

### सप्लाई चेन तक पहुंचने की कोशिश

पुलिस अब केवल छोटे स्तर के विक्रेताओं तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि इस पूरे नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचने की रणनीति पर काम कर रही है। इसके तहत सप्लाई चेन, फाइनेंसर और बड़े तस्करों की पहचान की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आने वाले समय में इस नेटवर्क से जुड़े बड़े नामों का खुलासा हो सकता है। इसके लिए साइबर ट्रैकिंग और तकनीकी निगरानी का भी सहारा लिया जा रहा है।

### कार्रवाई : गिरफ्तारी के साथ कुर्की तक

नशा तस्करी में शामिल महिलाओं के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। गिरफ्तारी के साथ-साथ अवैध रूप से अर्जित संपत्ति पर भी कार्रवाई की जा रही है। कई मामलों में आरोपियों के घरों पर कुर्की (कुडकी) की कार्रवाई की गई है, जिससे इस धंधे में शामिल लोगों को कड़ा संदेश दिया जा सके। पुलिस का कहना है कि केवल गिरफ्तारी ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी नेटवर्क को तोड़ना जरूरी है, ताकि दोबारा इस धंधे में लौटने की संभावना कम हो सके।

## एक करोड़ से नहीं चल रहा काम, वार्ड विकास के लिए बढ़ें फंड

# नगर निगम हाउस बैठक से पहले बोले पार्षद इस बार नहीं चलेगा एक करोड़ का झुनझुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला विकास भवन में 30 मार्च को नगर निगम हाउस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होने जा रही है। यह बैठक नए वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर बुलाई गई है, जिसमें शहर के विकास कार्यों को लेकर कई अहम फैसले लिए जाने की उम्मीद है। बैठक से पहले ही पार्षदों ने अपनी मांगें तेज कर दी हैं और बजट बढ़ाने को लेकर आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है।

पिछले वित्तीय वर्ष में नगर निगम के प्रत्येक पार्षद को अपने-अपने वार्ड में विकास कार्य करवाने के लिए एक-एक करोड़ रुपये का बजट दिया गया था। हालांकि पार्षदों का कहना है कि बढ़ती आबादी, महंगाई और आधारभूत सुविधाओं की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए यह राशि पर्याप्त नहीं है। उनका मानना है कि एक करोड़ रुपये में सभी आवश्यक कार्य पूरे कर पाना संभव नहीं हो पा रहा है। इस बार पार्षदों ने उम्मीद जताई है कि नगर निगम प्रशासन और सरकार उनकी मांगों को ध्यान में रखते हुए बजट में बढ़ोतरी करेगी। उनका कहना है कि यदि बजट बढ़ाया जाता है तो सड़कों, सीवरेज, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर तरीके से विकसित किया जा सकेगा। इससे आमजन को भी राहत मिलेगी और वार्डों में लंबित कार्य तेजी से पूरे हो सकेंगे।

### पार्षदों की राय : पैसा खर्च हो गया, काम भी पूरा नहीं हो पाया



*पिछले साल मिला एक करोड़ रुपये का बजट कई जरूरी कामों में खर्च हो गया, लेकिन कई प्रोजेक्ट अधूरे रह गए। हमारे वार्ड में सड़कों और सीवरेज व पानी की समस्या अभी भी बनी हुई है। इस बार कम से कम डेढ़ करोड़ रुपये का बजट मिलना चाहिए ताकि सभी लंबित कार्य पूरे हो सकें।*
*-कपिल नागपाल, पार्षद, वार्ड-7*



*शहर की आबादी लगातार बढ़ रही है और उसी के अनुसार सुविधाओं की मांग भी बढ़ रही है। एक करोड़ रुपये अब पर्याप्त नहीं है। यदि हमें ज्यादा बजट मिलता है तो हम अपने वार्ड में बेहतर सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट और जल आपूर्ति सुनिश्चित कर सकते हैं, जिससे लोगों को राहत मिलेगी। -कंचन खुराना, पार्षद, वार्ड-14*



वार्ड के विकास के लिए कई योजनाएं तैयार हैं, लेकिन बजट की कमी के कारण उन्हें लागू नहीं किया जा सकता। इस बार उम्मीद है कि निगम हमारी मांग को समझेगा और बजट बढ़ाएगा। इससे हम अपने क्षेत्र को मॉडल वार्ड के रूप में विकसित कर पाएंगे।
*-मनीषा नांदल, पार्षद, वार्ड-10*



*लोग हमसे विकास की उम्मीद रखते हैं, लेकिन सीमित बजट के कारण हम उनकी सभी मांगें पूरी नहीं कर पाते। यदि बजट बढ़ाया जाता है तो न केवल अधूरे कार्य पूरे होंगे, बल्कि नई परियोजनाएं भी शुरू की जा सकेंगी। इससे शहर के समग्र विकास को गति मिलेगी।*
*-विजय गोयल, पार्षद, वार्ड-19*

## दिनेश उर्फ गोगा हत्याकांड एक और आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस की कार्रवाई आरोपी चार दिन के पुलिस रिमांड पर**

**रोहतक।** जिले में हुए चर्चित दिनेश उर्फ गोगा हत्याकांड में पुलिस को एक और सफलता मिली है। सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने वारदात में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है। सीआईए-1 प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 16 फरवरी को पुलिस को सूचना मिली थी कि नोबल हार्ट अस्पताल के सामने गोलीबारी हुई है और एक युवक सड़क पर मृत अवस्था में पड़ा हुआ है।

मृतक की पहचान दिनेश उर्फ गोगा पुत्र हरिपाल निवासी गांव निजामपुर माजरा, जिला सोनीपत के रूप में हुई। मृतक के भाई की शिकायत पर थाना अर्बन एस्टेट में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दिनेश 16 फरवरी की शाम दिल्ली बाईपास पर आया हुआ था, जहां अज्ञात युवकों ने उसे गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जांच सीआईए-1 स्टाफ को सौंपी गई। जांच के दौरान पुलिस ने 17 फरवरी को मुठभेड़ के बाद इस हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता साहिल उर्फ सुखा को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब आगे की कार्रवाई करते हुए 23 मार्च को पुलिस टीम ने एक और आरोपी नितिन पुत्र मनोज निवासी जसराना (सोनीपत), हाल निवासी गांव बालंद (रोहतक) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी से पूछताछ के दौरान वारदात से जुड़े अहम खुलासे होने की संभावना है।




**रोहतक।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में भाली आनंदपुर स्थित सहकारी चीनी मिल तथा महम सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशकों एवं उच्चाधिकारियों के साथ वर्तमान पेराई सत्र की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

## सहकारी चीनी मिलों के साथ ज्यादा से ज्यादा किसानों को जोड़ा जाए

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने रोहतक व महम सहकारी चीनी मिल के अधिकारियों के साथ वर्तमान पेराई सत्र की समीक्षा की। उन्होंने चीनी मिल के प्रबंध निदेशकों को चीनी मिलों के साथ ज्यादा से ज्यादा किसानों को जोडने के लिए कहा ताकि चीनी मिलों को ज्यादा गन्ना सप्लाई हो सके। उन्होंने चीनी मिल्स को लाभ में लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। सचिन गुप्ता ने दोनों चीनी मिलों में किसानों के गन्ने के भुगतान बारे भी जानकारी ली। सचिन गुप्ता ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में भाली आनंदपुर स्थित सहकारी चीनी मिल तथा महम सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशकों एवं उच्चाधिकारियों के साथ वर्तमान पेराई सत्र की समीक्षा की। दोनों चीनी मिलों में गन्ना क्षेत्र को बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा किसानों को मिल के साथ जोड़ा जाये। चीनी मिल में वर्तमान पेराई सत्र के दौरान अब तक 26 लाख 30 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई की जा चुकी है तथा चीनी मिल द्वारा अब तक 4 लाख 95 हजार 100 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया गया है। उन्होंने मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग को चीनी मिल को शेष पेराई सत्र में सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**अर्बन एस्टेट में चोरी का खुलासा**

## दो नाबालिग समेत चार आरोपितों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

**मकान से ज्वेलरी व नकदी चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ सामान बरामद**

पुलिस ने अर्बन एस्टेट क्षेत्र में हुई मकान चोरी की वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए दो नाबालिगों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया है। नाबालिग आरोपियों को बाल न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जबकि अन्य आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना अर्बन एस्टेट के प्रभारी उपनिरीक्षक कमलजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-3 निवासी धर्मबीर की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। शिकायत में बताया गया कि वह अपने मकान को बंद कर कुछ दिनों के लिए बाहर गए हुए थे। 3 मार्च को जब वह वापस लौटे तो मकान का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो घर से ज्वैलरी और नकदी गायब थी। मामले की जांच पीएसआई सीमंत के नेतृत्व में की गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी और स्थानीय स्तर पर सूचनाएं जुटाई, जिसके आधार पर 24 मार्च को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सन्नी पुत्र राजेंद्र निवासी गोहाना और अनुराग पुत्र ओ म प्र का श निवासी रोहतक के रूप में हुई है। इसके अलावा, वारदात में शामिल दो नाबालिग युवकों को भी पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में लिया। पूछताछ में चारों ने मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ थाना अर्बन एस्टेट में मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल मामले का पता लगाया जा रहा है कि आरोपी पहले भी किसी अन्य वारदात में शामिल रहे हैं या नहीं।

## 1447 विद्यार्थियों ने दी 12वीं कक्षा की परीक्षा

**रोहतक।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा बुधवार को आयोजित करवाई गई 12वीं कक्षा की फाइन आर्ट विषय की बोर्ड परीक्षा जिला प्रशासन द्वारा किए गए पुख्ता प्रबंधों के बीच शांतिपूर्वक व पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि आज 12वीं कक्षा की फाइन आर्ट विषय की परीक्षा में कुल 1469 विद्यार्थियों में से 1447 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 22 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को सुचारू ढंग व नकल रहित संपन्न करवाने के दृष्टिगत उडऩदस्ते गठित किये गए है तथा डयूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए है।

पुलिस द्वारा भी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए है। जिला में इन बोर्ड परीक्षाओं के 45 परीक्षा केंद्र स्थापित है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी एक अप्रैल तक 12वीं कक्षा की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है। जिला में बोर्ड परीक्षाओं की निगरानी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष 01262-271871 है। नियंत्रण कक्ष में प्राचार्य स्तर के अधिकारी व अन्य स्टाफ तैनात किया गया है।

## भैयापुर, बोहर व मायना गांवों में चलाया गया तोड़-फोड़ अभियान





**रोहतक।** अवैध निर्माण गिराते हुए जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला प्रशासन द्वारा जिला के नियन्त्रित एवं शहरी क्षेत्रों में अवैध रूप से किए जा रहे निर्माणों/कालोनियों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गांव भैयापुर, बोहर व मायना में तोड़फोड़ अभियान चलाया गया।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि अभियान के दौरान गांव भैयापुर व बोहर में दो अवैध निर्माणों तथा गांव मायना में लगभग 6 एकड़ में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी में कच्चा रोड नेटवर्क तोड़ा गया। इस तोड़-फोड़ अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तोड़ फोड़ अमले के साथ मौजूद रहा। उन्होंने बताया कि जिला में अवैध निर्माण/कॉलोनी के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया कि वे अपने जीवन की जमा पूंजी को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें। जिला प्रशासन द्वारा अवैध निर्माण व कॉलोनी के विरुद्ध नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है।

जिला नगर योजनाकार लिंक ऑफिसर झज्जर अंजू ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों या डीलर/भू-मालिकों द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले स्थानीय सेक्टर-1 स्थित उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते है।



**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**पहले दिन जवानों को दिए गए विशेष दिशा-निर्देश**

# पुलिस ने वीवीआईपी सुरक्षा को लेकर कसी कमर

**चार दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस द्वारा वीवीआईपी सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से चार दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। यह कार्यक्रम हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल के दिशा-निर्देशों तथा पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भौरिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान जिला पुलिस के विभिन्न फील्ड में तैनात जवानों को चरणबद्ध तरीके से वीवीआईपी सुरक्षा की बारीकियां सिखाई जाएंगी।

### जवानों को दिया प्रशिक्षण

कार्यक्रम के पहले दिन उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रवि खुंडिया ने सीपीटी (क्लोज्ड प्रोटेक्शन टीम) में तैनात जवानों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर वीवीआईपी सुरक्षा के लिए निरीक्षक स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में तीन सीपीटी टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों की मुख्य जिम्मेदारी वीवीआईपी व्यक्तियों की नजदीकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है।



**रोहतक।** जवानों को सम्बोधित करते उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रवि खुंडिया। फोटो : हरिभूमि

### सुरक्षा घेरा तैयार करने की सलाह दी

प्रशिक्षण के दौरान थाना शिवाजी कॉलोनी के प्रभारी निरीक्षक राकेश सैनी और थाना बहु अकबरपुर के प्रभारी निरीक्षक महेश ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने जवानों को टीम वर्क के साथ ड्यूटी करने, वीवीआईपी के अंगरक्षकों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने और जरूरत पड़ने पर रस्से की मदद से सुरक्षा घेरा तैयार करने की सलाह दी। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि सीपीटी टीम वीवीआईपी को किसी भी संभावित शारीरिक हमले या खतरे से बचाने के लिए हर समय सतर्क रहती है। सभी जवानों को निर्धारित यूनिफॉर्म में रहकर अपनी जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए गए हैं।

### भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतें

*डीएसपी ने जवानों को निर्देश दिए कि वे ड्यूटी के दौरान कार्यक्रम स्थल का सूक्ष्म निरीक्षण करें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु पर विशेष नजर रखें। उन्होंने कहा कि भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतना आवश्यक है। प्रवेश और निकासी बिंदुओं पर कड़ी निगरानी रखी जाए, ताकि किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को अंदर आने से रोका जा सके।*

### सीआईएए डीन और एसोसिएट डीन ने एआईयू कार्यशाला में शिरकत की

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सेंटर फॉर इंटरनेशनल एकेडमिक अफेयर्स के डीन प्रो. आशीष दहिया और एसोसिएट डीन प्रो. संतोष तिवारी ने एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कार्यशाला में शिरकत की। कम्पेटेन्सी डेवलपमेंट ऑफ़ इंटरनेशनल ऑफिस स्टाफ-इंडियन यूनिवर्सिटीज विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में देशभर के विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में एआईयू के अध्यक्ष प्रो. विनय कुमार पाठक और सेक्रेटरी जनरल डॉ. पंकज मित्तल ने भारतीय विश्वविद्यालयों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने पर जोर दिया। प्रो. आशीष दहिया ने कहा कि ऐसे मंच विश्वविद्यालयों को वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं।